# ओ सांवरे बना लो ना सेवादार भजन लिरिक्स

हारे का है तू ही सहारा,
बाबा लखदातार,
हार के बाबा आया हूँ,
मैं तेरे दरबार,
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार।bd।

तर्ज – ओ साँवरे मुझे तेरी जरुरत है।

---

राहों में तेरी बाबा,
पलकें बिछाई हैं,
फूलों से मैंने अपनी,
कुटिया सजाई है,
लीले की तू कर असवारी,
दर्श दिखा एक बार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार।bd।

---

आँख से आंसू बरसे,
जैसे बादल बरसे रे,
आजा मेरे सांवरिया,
क्यों तू देर लगाए रे,
तुझपे है विश्वास मेरा,
श्याम धणी सरकार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार।bd।

---

मैंने सुना सांवरिया,
यारी खूब निभाता है,
पकडे जिसका हाथ उसे,
दु:ख छू कभी नहीं पाता है,
'राही' और 'मनोज' श्याम का,
मिलके करे सत्कार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हारे का है तू ही सहारा,
बाबा लखदातार,
हार के बाबा आया हूँ,
मैं तेरे दरबार,
ओ सांवरे बना लो ना सेवादार,
ओ साँवरे बना लो ना सेवादार।bd।

**Singer – Manoj Krishna Ji**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com